केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 51 गुरूवार 12 सितम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### सर्पदंश से बालक की मौत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती)। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी एक युवक की सर्प के दंस से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी चंदन उम्र 14 वर्ष पुत्र राजू मंगलवार की देर शाम अपने घर के छत पर कन्डा निकालने के लिए गया था। कि अचानक सर्प ने काट लिया। चंदन के आवाज लगाने पर परिवार वाले आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां से कैली मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया वहाँ पर भी प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही चन्दन की मृत्यु हो गई। चंदन दो भाइयों में बड़ा था कक्षा 6 में पढ़ रहा था। चंदन की आकस्मिक मौत से परिवार वालों का रो–रो कर बुरा हाल है।

### सरकारी जमीन पर बना लिया मकानः छिनी प्रधानी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। ग्राम प्रधान के पिता ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर दो कमरे का मकान बना लिया। जांच में पुष्टि होने पर भी प्रधान ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। प्रशासन ने कब्जा हटाते हुए जुर्माना लगाया तो उसे भी जमा नहीं किया। हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई के बाद डीएम ने प्रधान का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार छीन लिया। गांव के विकास के लिए तीन सदस्यों वाली टीम के गठन निर्देश दिया। मामला विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत बांकेचोर का है। रामनगर ब्लॉक के बरडांड नानकार निवासी कृष्णदेव भट्ट ने हाईकोर्ट में याचिका दायर किया। याचिका में आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान बांकेचोर मनीन्द्र प्रताप ने ग्राम सभा की अवैध भूमि पर कब्जा किया है। इस पर कोई ने कार्रवाई का निर्देश दिया। कोर्ट के निर्देश पर प्रधान मनीन्द्र प्रताप को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। उसके बाद कोर्ट ने डीपीआरओ को स्वयं जांच करने को कहा। डीपीआर बस्ती रतन कुमार ने जून 2024 में स्वयं शिकायत की जांच किया। डीपीआरओ ने जुलाई में अपनी आख्या दी। आख्या के अनुसार सरकारी जमीन पर कब्जा होना साबित हुआ। इस पर फिर से प्रधान को शो–काज जारी हुआ।

प्रधान ने इसका जवाब भी दिया, लेकिन संतोषजनक नहीं रहा। डीपीआरओ की जांच में ग्रामीणों ने बताया कि बांकेचोर के राजस्व गांव सूफीपुर नौवागांव में स्थित घोला (गड़ही) पर कब्जा कर ग्राम प्रधान के पिता ने कब्जा कर दो कमरे का मकान बना लिया। इसके बाद मनीन्द्र प्रताप ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए। वह भूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष बन गए। ऐसे में पिता के कब्जा किए हुए सरकारी जमीन से प्रधान को स्वतरू कब्जा हटा लेना चाहिए था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसके लिए वह जमीन कब्जे के दोषी हैं।

तहसीलदार सोनहा ने जमीन से कब्जा हटाने के लिए 96 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, जिसे जमा करना था, लेकिन प्रधान ने नहीं जमा किया। आरोप सिद्ध होने पर डीएम रवीश गुप्ता ने उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा–95 की उप धारा–एक के तहत दिए गए प्राविधानों के अनुसार मणीन्द्र प्रताप प्रधान बांकेचोर विकास खंड रामनगर के समस्त वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को प्रतिबंधित कर दिया।

ग्राम प्रधान के कार्य को संपादित करने के लिए ग्राम पंचायत सदस्यों की तीन सदस्यीय समिति के गठन करने का निर्देश दिया। नियमावली के तहत प्रकरण की बृहद जांच के लिए जिला विकास अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया।

# अवैध धर्मांतरण मामले में मौलाना कलीम सिद्दीकी, उमर गौतम समेत 12 को उम्रकैद



लखनऊ (आभा)। अवैध धर्मांतरण मामले में स्पेशल एनआईए–एटीएस कोर्ट ने मौलाना उमर गौतम व मौलाना कलीम सिद्दीकी सहित अन्य 12 आरोपियों को दोषी पाए जाने पर उम्र कैद की सजा सुनाई है. कोर्ट ने अन्य 4 आरोपियों राहुल भोला, मन्नू यादव, कुणाल अशोक चौधरी और सलीम को 10 साल की सजा के साथ उन पर लगी धाराओं के मुताबिक जुर्माना लगाया है. कोर्ट ने इन सभी को दोषी करार दिया था और सजा का ऐलान बुधवार को किया।

एनआईए एटीएस कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने इन सभी को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 417, 120 बी, 153, 153 बी, 295, 121, 123 और अवैध धर्मांतरण कानून की धारा 3, 4, और 5 के तहत दोषी करार दिया। इन धाराओं के तहत आरोपियों को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है. अवैध धर्मांतरण के इस मामले में कुल 17 आरोपी थे, जिनमें से 16 दोषी करार दिए गए हैं. 17वें आरोपी इदरीस कुरैशी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से स्टे मिल गया है।

मुजफ्फरनगर के रतनपुरी थाना क्षेत्र स्थित गांव फुलत निवासी मौलाना कलीम सिद्दीकी ने पिकेट इंटर कॉलेज से 12वीं करने के बाद मेरठ कॉलेज से बीएससी की शिक्षा ली. इसके बाद दिल्ली के एक मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने लगा. एमबीबीएस की पढ़ाई छोड़कर इस्लामिक स्कॉलर बना। दिल्ली के शाहीन बाग में मौलाना ने 18 साल से अपना ठिकाना बना रखा था. मौलाना कलीम सिद्दीकी को 22 सितंबर, 2021 की रात उत्तर प्रदेश एटीएस ने दिल्ली–देहरादून हाईवे पर दौराला–मटौर के बीच गिरफ्तार किया था।

उसे और उसके साथियों को बड़े पैमाने पर अवैध धर्मांतरण सिंडीकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया था. कलीम को 562 दिनों तक जेल में रहने के बाद, अप्रैल 2023 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जमानत दे दी थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. शीर्ष अदालत में आगे की सुनवाई शुरू हुई, जिसमें कलीम सिद्दीकी जमानत पर शर्तें लगाई गई. सुप्रीम कोर्ट ने सिद्दीकी की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया. उसके एनसीआर से बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई और जांच अधिकारी ट्रैक कर सकें इसके लिए अदालत ने उसे अपने फोन का लोकेशन हमेशा ऑन रखने का भी निर्देश दिया

## टीएलएम, नवाचार महोत्सव में विमर्श, शिक्षकों ने लगाई प्रदर्शनी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में बुधवार को टीएलएम एवं नवाचार महोत्सव का आयोजन डायट सभागार में किया गया। नवाचार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। डायट के स्टाफ द्वारा अतिथियों का बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। नवाचार मेले में बेसिक के कक्षा 1 से 5 स्तर के शिक्षक तथा माध्यमिक के कक्षा 9 और 10 के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों द्वारा भाषा, गणित व विज्ञान विषय से संबंधित टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई गई। डीआईओएस, बीएसए और डायट प्रवक्ताओं द्वारा प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरान्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले को पुरस्कृत करने के साथ ही सभी को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। डीआईओएस ने कहा कि शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षक बच्चों को टीएमएम के माध्यम से पढ़ाएं। बीएसए ने कहा कि टीएलएम द्वारा बच्चे आसानी से और जल्दी सीखते हैं साथ ही शिक्षण भी आनंददायी हो जाता है। नोडल प्रवक्ता डॉ गोविंद प्रसाद ने कहा कि शिक्षक बच्चों की जरूरत के अनुसार टीएलएम बनाएं और पढ़ाई के दौरान उसका उपयोग करें।

इस दौरान डॉ रविनाथ, अलीउद्दीन खान, शशि दर्शन त्रिपाठी, मो. इमरान खान, कुलदीप चौधरी, कल्याण पाण्डेय, अमन सेन, कुलदीप चौधरी, सरिता चौधरी, वर्षा पटेल, वन्दना चौधरी, आशीष श्रीवास्तव, आशीष पाण्डेय, संतोष कुमार, राहुल उपाध्याय, मनोज मिश्र, रामरक्षा, भागीरथी यादव, सत्या पाण्डेय, अरविन्द कुमार सहित बडी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## शांति, सौहार्द से मनाये पर्व, त्यौहार




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शान्ति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा गणेश उत्सव तथा बारावफात त्यौहार के जुलूस के दौरान सभी व्यवस्थाए की जायेंगी। दोनों पर्वो के लिए उन्होने लोगों को शुभकामना देते हुए अपील किया कि कोई ऐसा कार्य ना करे, जिससे की जिले की छवि बिगड़े।

उन्होने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए सतर्कता बरतें। किसी ऐसे संदेश, वीडियों को वायरल ना करें, जिससे कि अराजकता फैलें। अराजक तत्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही है तथा दोषी पाये जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति एवं ढीले तारों को ठीक करने तथा ईओ नगरपालिका को साफ–सफाई कराने का निर्देश दिया है। उन्होने बताया कि 16 सितम्बर को बारावफात का जुलूस निकलेगा, 17 सितम्बर को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेंगा। जनपद में कुल 139 गणेश प्रतिमाए स्थापित है।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी जुलूस के मार्ग का स्वयं निरीक्षण कर लें तथा समस्याओं से संबंधित विभाग को अवगत करा दें। सुनिश्चित करे कि निर्धारित स्थलों पर ही मूर्तियों का विसर्जन किया जाय। जुलूस निकालने वालों के द्वारा यदि कोई नयी व्यवस्था की जाती है, तो उसकी पूर्व में सूचना स्थानीय प्रशासन को देना होंगा।

अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान ने शहरी क्षेत्र में बारावफात के जुलूस एवं गणेश प्रतिमा के विसर्जन की रूपरेखा बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पूर्व वर्षो की भॉति इस वर्ष भी इसे शान्तिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जायेंगा। इस दौरान उन्होने निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रों में संबंधित विभाग छुट्टा पशुओं को पकड़वाना सुनिश्चित करें। बैठक में जफर अहमद, सरदार जगवीर सिंह, जीशान हैदर रिजवी एवं संभ्रान्त नागरिको ने अपने विचार व्यक्त किए तथा त्यौहार के आयोजन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

बैठक में सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, विनोद पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारीगण तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये समिति के सदस्यगण उपस्थित रहें।

## प्राविधिक सहायक के पिटाई का मामला गरमायाः कर्मचारी संगठनों ने मण्डलायुक्त, डीएम, एसपी को सौंपा ज्ञापन






–भारतीय बस्ती संवाददाता–


### –सभी आरोपी गिरफ्तार न हुये तो 12 सितम्बर से अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी

बस्ती । प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले का मामला गरमाता जा रहा है। बुधवार को अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद के साथ ही अनेक कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्राविधिक सहायकों के सुरक्षा की व्यवस्था की जाय। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि रूधौली पुलिस ने अभी तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन गिरफ्तार नहीं किये गये हैं। कर्मचारी नेताओं ने अधिकारियों से मिलने के बाद बताया कि जब तक प्रभावी कार्यवाही के साथ ही मामले में दोषियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में परिवर्तित कर न्याय नहीं मिल जाता गुरूवार से उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा।

ज्ञात रहे कि प्राविधिक सहायक पद पर कार्यरत भानुशंकर को भानपुर तहसील क्षेत्र के रूधौली थाना क्षेत्र के दसिया गांव के मुसहर टोला में डिजिटल क्राप सर्वे के दौरान गांव के ही कुछ युवकों द्वारा मारने पीटने के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। प्राविधिक सहायक भानुशंकर ने बताया कि वे दसिया गांव के मुसहर टोला के निकट स्थित खेतों का डिजिटल क्राप सर्वे कर रहे थे उसी समय गांव के अरविन्द, गोली पुत्रगण राम रक्षा, संजय पुत्र रामलल्लन, रामलाल पुत्र राम सूरत और एक अज्ञात ने डिजिटल क्राप सर्वे से रोका। कहा हमारे गांव में ये नहीं होने देंगे। वे मारपीट पर आमाद हो गये। उन्हें सर, कंधे, उंगली में चोटे आयी है। रूधाली पुलिस ने भानुशंकर के तहरीर पर 4 युवकों के विरूद्ध बी.एन.एस. की धारा 351 (3), 352, 221, 121 (1) और 132 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि घटना गंभीर है और परिषद प्राविधिक सहायकों के साथ है। मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने वालों में दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, शिवपाल, क्षितिज, मुकेश कुमार, अमित कुमार, अनुपम कुमार, आनन्द कुमार सिंह, रामलल्लन, धीरेन्द्र वर्मा, पवन कुमार, शिखर गौतम, अंजनी कुमार यादव, रामकृष्ण शुक्ला, हरिलाल जायसवार, राजेन्द्र प्रसाद, वृजेश कुमार निषाद, सदानन्द मौर्य, अरून कुमार, सुरेन्द्र कुमार चौधरी, राजू, धर्मेन्द्र वर्मा, अम्बिकेश प्रताप सिंह, संदीप अमेटा के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर



श्रीनगर (आभा)। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले सेना और पुलिस ने मिलकर एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। कठुआ जिले में आज भारतीय सेना के विशेष बलों और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने एक सफल ऑपरेशन के तहत तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

इस ऑपरेशन में भारतीय सेना की 1 पैराशूट बटालियन, 22 गढ़वाल राइफल्स और जम्मू–कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) शामिल है। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की और इस दौरान तीन आतंकवादी मारे गए। उल्लेखनीय है कि जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जिसकी शुरुआत 18 सितंबर से होगी। सुरक्षा बलों ने चुनाव से पहले क्षेत्र में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

बीते महीने जम्मू और कश्मीर पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे, जिन्हें कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों में 'ढोक' (मिट्टी के घरों) में देखा गया था। पुलिस ने उनके बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

बता दें कठुआ जिले में 8 जुलाई को माचेडी के सुदूर वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घातक हमला किया गया था। इस हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) सहित पांच सैनिक शहीद हो गए थे।

व्यापक तलाशी अभियान के बावजूद, पाकिस्तान स्थित जैश–ए–मोहम्मद संगठन से जुड़े कश्मीर टाइगर्स के आतंकवादी अभी तक पकड़ में नहीं आ पाए हैं। वे पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ कर आए थे। एक्स पर एक पोस्ट में, पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए। इन्हें जिले के ऊपरी इलाकों में मल्हार, बानी और सोजधार जंगलों में देखा गया था।

## पांच घरों में चोरी से हड़कम्प

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिले में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार की रात चोरों ने वाल्टरगंज के पचानू गांव में तीन घरों और छावनी थाने के पचवस गांव में दो घरों को निशाना बनाया। एक ही रात में पांच घरों में चोरी की सूचना से बुधवार की सुबह हड़कंप मच गया। फोरेंसिक टीम संग पुलिस साक्ष्य जुटाकर चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के पचानू में चोरों ने रामभुवाल, संजय और रामसुरेश के घर को निशाना बनाया। रामभुवाल पत्नी संग इलाज कराने मुंबई गए हैं। घर पर उनकी बेटियां थी। चोरों ने जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। संजय का घर बंद था, जिसका ताला तोड़ चोर दो बक्से उठा ले गए।

संजय के घर में घुसे चोरों ने दस हजार नकदी चुरा लिया। वहीं छावनी थाने के पूर्व सैनिक संजय सिंह व बमबहादुर सिंह के घरों में घुसे चोरों ने नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

### सड़क किनारे मिला घायल युवक

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती, । हरैया थानाक्षेत्र के मझौवाबाबू गांव के सड़क के किनारे बुधवार की सुबह घायलावस्था में एक युवक पड़ा मिला। ग्रामीणों की नजर पड़ी तो सूचना हरैया पुलिस को दी। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी हरैया में भर्ती कराया। हालात नाजुक देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान रामशंकर पुत्र अवधू चौहान ग्राम पंचपोखरी थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के रूप मे हुई।

## शिक्षकों ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत




### –शिक्षक हित में पूरी निष्ठा से होगा कार्य – रवीश

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। बीआरसी हरैया के सभागार में नवनियुक्त उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारियों के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरैया ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष राम सागर वर्मा और मंत्री राम प्यारे कन्नौजिया की अगुवाई में शिक्षकों ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रवीश कुमार मिश्र और जिला संगठन मंत्री विवेक कान्त पाण्डेय का भव्य स्वागत किया। रवीश कुमार मिश्र ने कहा कि वे शिक्षकों के हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में संगठन ने शिक्षकों के मान सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करते हुए आज शिक्षक को समाज में उसे उसका हक दिलवाया है। विवेक कान्त पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ राज्य का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन है, जो शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करता रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी शिक्षकों के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा और मंत्री रामप्यारे कन्नौजिया ने कहा कि हम आशा करते हैं कि नवनियुक्त जिला पदाधिकारी शिक्षकों के कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और ब्लॉक से लेकर जिले तक संगठन को मजबूत करते हुए शिक्षक हित में कार्य करेंगे।

इस अवसर पर गिरिजेश बहादुर सिंह, उदय प्रताप सिंह, संदीप सिंह, संजीव सिंह, मनीष पाण्डेय, मनोज द्विवेदी, धनीश त्रिपाठी, हरी सिंह, काशीराम वर्मा, गुलाम अशरफ, शशांक दूबे, उमेश चंद्र राव, रजनीश पाण्डेय, भीम शंकर, प्रेम सागर, चंद्रमणि, धनंजय, अजय, बृजेंद्र, प्रेम कुमार तिवारी, वंश गोपाल, श्रवण कुमार, राज रतन आदि उपस्थित रहे।

## अशोक कुमार अध्यक्ष, राजेश कुमार मंत्री बने




### –सिंचाई संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में उठे मुद्दे

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । बुधवार को सिंचाई संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन प्रेस क्लब सभागार में मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में वक्ताओं ने पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने के साथ ही अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुये एकजुटता पर जोर दिया। दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी गौरीशंकर और हेरम्ब नाथ त्रिपाठी की देख रेख में सर्व सम्मत से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अशोक कुमार सिंह अध्यक्ष, परशुराम त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश कुमार मंत्री, विजय कुमार यादव कोषाध्यक्ष, शिवराम यादव लेखा सम्प्रेक्षक चुने गये।

अधिवेशन को सम्बोधित करते हुये संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि संघ द्वारा निरन्तर समस्याओं के निस्तारण हेतु संघर्ष अनवरत जारी है, कई मांगे पूरी हो चुकी है। कहा कि राज्य कर्मचारी घोर संकट के दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में हमें अपनी एकजुटता बनाये रखना होगा। उन्होने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुये कहा कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन करें।

नलकूप खण्ड के अधिशासी अभियन्ता संतलाल प्रसाद ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि स्थानीय स्तर की समस्याओं का प्रभावी निस्तारण कराया जाय। संघ की ओर से जो 9 सूत्रीय मांग पत्र मिला है उस पर विचार कर प्रभावी क्रियान्वयन कराया जायेगा।

अधिवेशन को गौरीशंकर, राम स्वारथ चौधरी, हेरम्बनाथ त्रिपाठी, एस.एन. शुक्ल, सुनील कुमार पाण्डेय, शिवशंकर कुमार आदि ने सम्बोधित करते हुये कर्मचारियों की समस्याओं को विस्तार से रखा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उदयनरायन, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, उदयभान चौधरी, हरिश्चन्द्र शुक्ल, आज्ञाराम यादव, हरेन्द्र बहादुर सिंह, विनोद कुमार, राम सहाय, राजेश, सोमई प्रसाद आजाद, अजय सिंह के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 12 सितम्बर 2024 गुरूवार

## सम्पादकीय

# रेल हादसे और षड़यंत्र

पिछले दिनों लगातार होती रही रेल दुर्घटनाएं हर किसी व्यक्ति को परेशान करती रही हैं। दुनिया के चौथे सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क पर हम भारतीय गर्व करते रहे हैं। करीब सवा बारह लाख कर्मचारियों वाला भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। लेकिन गाहे—बगाहे होने वाली रेल दुर्घटनाएं हमें विचलित करती हैं कि रेल यात्री की जिंदगी इतनी सस्ती क्यों है? जिन लोगों के पास रेलवे सुरक्षा का जिम्मा है क्या वे अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं? निस्संदेह, देश में भारतीय रेलवे दशकों तक राजनीतिक हित साधने का शार्टकट माध्यम रहा है। गठबंधन सरकारों में घटक दलों के सांसदों में रेल मंत्रालय लेने की होड़ रहा करती थी। वजह थी कि अपने राज्य व संसदीय क्षेत्रों के बेरोजगारों को विशाल रेल तंत्र में खपाया जा सके। यह यक्ष प्रश्न है कि राजनीतिक हस्तक्षेप से की गई नियुक्तियां किस हद तक किसी विभाग या काम की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। विडंबना यह भी कि राजनीतिक लाभ के लिये नित नयी ट्रेनों की घोषणा करने वाले राजनेताओं ने रेलवे में सेवा की गुणवत्ता व सुरक्षा के पहलुओं को उतनी गंभीरता से नहीं लिया। कोई वैज्ञानिक अध्ययन सामने नहीं आया जो इस बात की व्याख्या कर सके कि पुराना रेलवे ढांचा क्या तेज गति की ट्रेनों के दबाव को सह लेगा? सर्वविदित है कि तमाम छोटी—बड़ी रेल दुर्घटनाओं के मूल में मानवीय चूक का पहलू भी सामने आता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में रेलों को पटरी से उतारने की साजिश का जो एंगल सामने आया है, वह बेहद डरावना है। दरअसल, आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर रेल की पटरी पर ऐसे अवरोधक पाये गए हैं, जो रेल को पटरी से उतारकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते थे। इस बाबत कुछ वीडियो सुर्खियों में रहे, जिसमें पाक में सक्रिय कट्टरपंथी भारतीय रेलों को पटरी से उतारने की बात कर रहे थे।

बीते रविवार उ.प्र. में कानपुर के निकट प्रयागराज—भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस पटरी पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई। शुक्र है कि सिलेंडर छिटकने से विस्फोट न हो पाने पर दुर्घटना का खतरा टल गया। इस तरह पटरी से ट्रेन को उतारने की साजिश विफल हो गई। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में तमाम तेज गति की नई ट्रेनें पटरियों पर दौड़ रही हैं। उनकी गति भी बढ़ी है और रेलों की आवाजाही भी। ऐसे में सुरक्षा के प्रबंध चाकचौबंद न होने से हजारों यात्रियों की जान का जोखिम बना रहता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले महीने भी कानपुर के पास ही वाराणसी—अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस के करीब दो दर्जन डिब्बे पटरी से उतर गये थे। तब भी चालक ने किसी चट्टान के इंजन से टकराने की बात कही थी। इससे पहले चंडीगढ़—डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के बेपटरी होने से चार यात्रियों को जान से हाथ धोना पड़ा था। निस्संदेह, इसके साथ ही रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने की कुछ अन्य घटनाएं भी सामने आई हैं। ये घटनाएं बताती हैं कि ट्रेन में सफर कर रहे हजारों नागरिकों की जीवन रक्षा के लिये रेलवे के सुरक्षातंत्र को फुलप्रूफ बनाने की जरूरत है। ये घटनाएं हमें विचार के लिये बाध्य करती हैं कि चांद व मंगल पर दस्तक देने वाला भारत अपने रेलवे तंत्र को दुर्घटनामुक्त क्यों नहीं बना पा रहा है। नीति—नियंताओं को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि गति से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि पहले सुरक्षा चाकचौबंद की जाए। यदि रेलवे को निशाने बनाने की साजिश हुई है तो उसकी उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिए। सिर्फ आरोप लगाने काफी नहीं हैं। नहीं तो विपक्ष को यह कहने का मौका मिलेगा कि सरकार अपनी विफलता छुपाने के लिये इस तरह के तर्क दे रही है। वैसे एक हकीकत यह भी कि लोकलुभावन नीतियों व लोकतंत्र में वोटतंत्र के हावी होने की वजह से रेलवे के किराये को तार्किक नहीं बनाया जा सका है। याद रहे रेलवे को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये आधुनिक तकनीक व उपकरणों को लगाने के लिये बड़ी पूंजी की जरूरत होती है। जिससे रेल यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने में मदद मिल सकेगी।

# मणिपुर का गहराता संकट



—बीएल वोहरा—



मणिपुर में मैतेयियों पर हमला करने के लिए कुकी विद्रोहियों द्वारा रॉकेट और बम ले जाने में सक्षम ड्रोनों का इस्तेमाल किया जाना, सूबे की अशांति में एक नया खतरनाक आयाम दर्शाता है। इनका इस्तेमाल न केवल मैतेयी बल्कि पूर्वोत्तर के अन्य उग्रवादी संगठनों के अलावा जम्मू—कश्मीर एवं भारत भर में सक्रिय उग्रवादियों, विद्रोहियों, नक्सलियों और अंदरूनी—बाहरी ताकतों को भी नया तरीका सुझाएगा। जहां इन ड्रोनों का इस्तेमाल ज्यादातर हमास और हिजबुल्लाह जैसे अत्यधिक संगठित उग्रवादी समूहों द्वारा इस्राइल के खिलाफ किया जाता है वहीं इस्राइल, रूस और यूक्रेन जैसे देशों की सेना भी युद्धों में करती आई हैं। लेकिन अब अपराधियों के हाथों में, ये घातक हथियार का रूप धर सकते हैं।

मणिपुर सरकार, सुरक्षा बल और केंद्रीय सरकार, यह सभी, हिंसा की अप्रत्याशित ताजा लहर से घिरे पाए गए हैं। या तो खुफिया एजेंसियां इस इजाफे का अनुमान लगाने में विफल रहीं या फिर प्रतिक्रिया यथेष्ट नहीं रही, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, केंद्र सरकार के पास इस खतरे का मुकाबला करने के लिए तमाम संसाधन हैं। सेना, असम राइफल्स और भारतीय वायु सेना को तुरंत एकीकृत अभियान से इस नए खतरे पर लगाम लगानी चाहिए। उम्मीद है कि वे जल्द ही ऐसा करेंगे भी। लेकिन मणिपुर पुलिस को प्रशिक्षित करना और सुसज्जित करना एक चुनौती होगी, क्योंकि यह पूरी तरह से अलग खेल है। राज्य पुलिस की विगत कारगुजारी का लेखा—जोखा खराब रहने के कारण उसे पुनर्गठित करना होगा। आंतरिक और बाहरी, दोनों तरह की खुफिया एजेंसियों को भी अपने काम में काफी चुस्ती लानी होगी।

कुकी उग्रवादी हाल के हमलों को अंजाम देने में इसलिए सक्षम हुए हैं क्योंकि उन्हें नशा माफिया से भारी मदद मिलती है, जो पिछले साल से मणिपुर में चल रही उथल—पुथल के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। चूड़ाचांदपुर और आसपास के इलाकों में अफीम की खेती में उछाल आया है जो कि मुख्य रूप से कुकी करते हैं— क्योंकि म्यांमार में सेना द्वारा बढ़ाए दबाव के कारण उनके रिश्तेदारों की मणिपुर में आमद हुई है। मणिपुर तस्करी के लिए कुख्यात 'गोल्डन ट्राइंगल' के छोर पर स्थित है और इस कारोबार का रास्ता भारत एवं अन्य देशों के लिए यहीं से होकर गुजरता है। इसलिए, नशा माफिया मणिपुर पर संपूर्ण नियंत्रण चाहता है। कुकियों की गतिविधियों की वित्तीय सहायता करने को उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। पिछले वर्ष मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया वह आदेश, जिसमें राज्य सरकार से मैतेयियों के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने और आगे यह सिफारिश केंद्र सरकार को पहुंचाने के लिए कहा गया था, इसका उपयोग जान—बूझकर अर्थ गलत पेश करके कुकी—मैतेयी के बीच संघर्ष की चिंगारी भड़काने में किया गया। कुकी अब न केवल एक अलग राज्य चाहते हैं, बल्कि एक अलग देश, 'कुकीलैंड' चाहते हैं, इसमें वे संपूर्ण पूर्वोत्तर और बांग्लादेश का कुछ इलाका बताते हैं। दूसरी ओर, नागा लोग भी अपने लिए अलग राष्ट्र के रूप 'ग्रेटर नागालैंड' बनाना चाहते हैं, जिसमें मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश और म्यांमार के कुछ हिस्से दर्शाते हैं। फिर, असम का 'उल्फा' (यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम) भी यही कुछ चाहता है।

चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान अपने हितों की पूर्ति हेतु इन टकरावों को हवा दे रहे हैं। चीन पहले ही अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता रहा है। गौरतलब है कि 1962 में चीन ने भारत पर दो तरफ से हमला किया था, एक था, नॉर्थईस्ट फ्रंटियर एजेंसी इलाके में (जिसमें फिलहाल अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ हिस्से हैं) और दूसरा मोर्चा लद्दाख क्षेत्र के आसपास खोला था। जिस वक्त पाकिस्तान वजूद में आ रहा था, तब भी कुछ मुस्लिम नेताओं की मांग थी कि पूर्वोत्तर पूर्वी पाकिस्तान में शामिल किया जाए। उनके मुताबिक असम इस नए देश का 'नैसर्गिक विस्तार' है। यह विचार अभी भी बांग्लादेश में कहीं न कहीं जिंदा है।

निस्संदेह, पूर्वोत्तर भारत की नाजुक रग है। कई शक्तिशाली देशों की भारत को कमजोर करने में दिलचस्पी है। केंद्र सरकार द्वारा सालों तक पूर्वोत्तर, विशेषकर मणिपुर, की उपेक्षा करना एक तथ्य है। पिछले साल शुरू हुए संघर्ष को ढंग से नियंत्रित करने में विफलता ने दुश्मनी निभाने वाली शक्तियों को उत्साहित किया है। इसलिए ये तत्व अब पूर्वोत्तर के अलावा संपूर्ण भारत को अस्थिर करने के लिए एकजुट होने लगे हैं।

मणिपुर में बिगड़ते हालात—जिसने न केवल राज्य के निवासियों बल्कि पूरे देश के लोगों को परेशान कर रखा है, चिंता का विषय है। अन्य देश अवश्य ही भारत के घटनाक्रम पर नजर रखे हुए होंगे। वे इंतजार में होंगे कि देखें भारत इससे कैसे निपटता है। भारत जैसी उभरती हुई शक्ति को स्थिति अपने हाथ से निकलना और अधिक गवारा नहीं करना चाहिए। वक्त आ गया है कि देश अपनी पूरी ताकत से जवाब दे और इस क्षेत्र के मामलों में अधिक दिलचस्पी लेकर काम करे।

कुकी उग्रवादियों की गतिविधियों पर काबू पाना, हजारों हथियारों की बरामदगी एवं कुकी—मैतेयी के बीच शांति बहाली फिलहाल सर्वोच्च प्राथमिकता हो। इसके अलावा, संकट के हल में, तमाम राजनीतिक, सैन्य, कूटनीतिक, आर्थिक और न्यायिक उपायों का उपयोग किया जाए। सामान्य स्थिति बहाल होने तक मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव भी इस क्रम में जरूरी है। नौकरशाही एवं पुलिस तंत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन आवश्यक है। केंद्र सरकार द्वारा कड़ी निगरानी और सहायता जरूरी है ताकि चीजों को और अधिक बिगड़ने से रोकना सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय स्तर पर, आंतरिक सुरक्षा के लिए एक अलग से मंत्रालय की स्थापना किए जाने की सख्त जरूरत है। आखिरकार, गृह मंत्रालय (एमएचए) के पास बहुत सारे कामों का बोझ है। आंतरिक सुरक्षा की निरंतर निगरानी वक्त की दरकार है। अन्य मुद्दों के अलावा, पूर्वोत्तर, जम्मू—कश्मीर, नक्सल प्रभावित राज्यों की स्थिति, विदेशों में अलगाववादियों की गतिविधियां, साइबर अपराध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उभर रहे नए सुरक्षा खतरे, बांग्लादेश से आव्रजन इत्यादि मामलों में निरंतर ध्यान बने रहना एक आवश्यकता है। भारत जैसे विशाल देश में, जहां कई हिस्से समस्याग्रस्त हैं, गृह मंत्रालय देश की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय को अपने रोजमर्रा के अन्य कई कामों में एक रूप में लेना गवारा नहीं कर सकता।—लेखक केंद्रीय गृह सचिव और मणिपुर में राज्यपाल रहे हैं।

# हरियाणा चुनाव का बदलता मुद्दा



— निर्मल रानी —



**भाजपा द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में चरखी दादरी से पूर्व जेलर सुनील सांगवान को टिकट दिया गया है। सुनील सांगवान की विशेषता यह है कि रोहतक की सुनारिया जेल में उनके जेल अधीक्षक के कार्यकाल के दौरान रेप व हत्या के दोषी गुरमीत राम रहीम को 6 बार पैरोल मिली थी। इस पैरोल को दिलाने में सहायता करने में जेलर सुनील सांगवान की विशेष भूमिका थी। राम रहीम को मिली पिछली पैरोल के दौरान ही यह स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी थी।**

ओलम्पियन विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने तथा जुलाना विधानसभा क्षेत्र से अपनी चुनावी पारी की शुरुआत करने के बाद एक बात यह भी स्पष्ट हो गयी है कि कांग्रेस विनेश का इस्तेमाल केवल स्पोर्ट्स स्टार और जाट चेहरे मात्र के रूप में ही नहीं करेगी बल्कि वह इस सुप्रसिद्ध व लोकप्रिय ओलम्पियन के बहाने भारतीय जनता पार्टी को महिला सुरक्षा के नाम पर देशभर में घेरने का भी प्रयास करेगी। भाजपा ने श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश का नारा देकर तथा इस योजना के प्रचार पर सैकड़ों करोड़ रूपये खर्च कर देश की जनता को यह सन्देश देने की कोशिश की थी कि भाजपा ही बेटी ६ महिलाओं की एकमात्र हितैषी पार्टी है तथा भाजपा के राज में ही महिलाओं के हितों की पूरी रक्षा व मान सम्मान संभव है। परन्तु यह भी अजीब संयोग है कि इसी भाजपा के राज में देश के अनेक प्रांतों में ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकीं जो महिलाओं पर होने वाले अत्याचार में एक मिसाल बन गयीं। क्या मणिपुर तो क्या बंगाल,राजस्थान,बिहार, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से तो ऐसी रूह कांपने वाली अनेक घटनाएं हो चुकीं जिनकी दूसरी कोई मिसाल नहीं मिलती।

महिला उत्पीड़न, बलात्कार व हत्या जैसे घृणित अपराधों में यह भी देखा गया है कि ऐसे कई भाजपा शासित राज्यों में होने वाली ऐसी सनसनीखेज वारदातों में भाजपा की ओर से खामोशी बरती गयी जबकि किसी गैर भाजपा शासित राज्य खासकर बंगाल में यदि कोई घटना घटी तो उसे भाजपा द्वारा इस हद तक उछाला गया कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की चर्चा तक छिड़ गयी ? जबकि मणिपुर में महिलाओं के साथ जैसे जुल्म हुये वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक कहीं भी नहीं हुये। परन्तु चूँकि मणिपुर भाजपा शासित राज्य है इसलिये इन घटनाओं के लिये न तो वहां के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया गया न ही किसी से त्याग पात्र माँगा गया ? उत्तरांचल में भी ऊंचे रसूख रखने वाले भाजपाई नेता के पुत्र बलात्कार, हत्या जैसे मामलों में शामिल पाए गये। भाजपा शासित राज्यों में घटी ऐसे अनेक घटनायें सरकार की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की मुनादी पर सवाल खड़ा कर रही हैं।

इसी बीच ओलम्पियन विनेश फोगाट का कांग्रेस का दामन थामना भी भाजपा के लिये बड़ा सिर दर्द साबित हो सकता है। क्योंकि विनेश फोगाट उन विश्वस्तरीय ओलम्पिक पदक विजेता पहलवानों में एक है जिसने उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण सिंह द्वारा कुछ महिला पहलवानों के साथ कथित रूप से किये गये दुर्व्यवहार के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुये जंतर मंतर पर धरना दिया था। यह धरना गत वर्ष 28 मई 2023 को उस समय और भी सुर्खियों में छा गया था जबकि उस दिन नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर बृज भूषण सिंह के विरुद्ध धरनारत इन पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक जंतर मंतर से घसीट कर धरना समाप्त करा दिया था। उस दिन देश ने श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश का नारा देने वाली भाजपा के दो चरित्र व चेहरे देखे थे। एक तरफ तो उत्पीड़न की शिकार देश का मान सम्मान विश्व में बढ़ने वाली बेटियां पुलिस जुल्म का शिकार हो रही थीं उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा था। जबकि ठीक उसी समय नारी उत्पीड़न का आरोपी बृज भूषण सिंह मुस्कुराता हुआ नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ा रहा था। इन्हीं धरनारत पहलवानों में दिल्ली पुलिस की ज़्यादतियों का शिकार एक खिलाड़ी विनेश फोगट भी थी जो अब कांग्रेस में शामिल होकर पूरे देश को भाजपा के श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश के खोखले दावों और इसकी हकीकत में अंतर से परिचय कराएगी।

इसी महिला सम्मान के सवाल को लेकर एक और 'सेल्फ गोल' करते हुये भाजपा द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में चरखी दादरी से पूर्व जेलर सुनील सांगवान को टिकट दिया गया है। सुनील सांगवान की विशेषता यह है कि रोहतक की सुनारिया जेल में उनके जेल अधीक्षक के कार्यकाल के दौरान रेप व हत्या के दोषी गुरमीत राम रहीम को 6 बार पैरोल मिली थी। इस पैरोल को दिलाने में सहायता करने में जेलर सुनील सांगवान की विशेष भूमिका थी। राम रहीम को मिली पिछली पैरोल के दौरान ही यह स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी थी। तभी जैसे ही राम रहीम अपनी पैरोल खत्म कर जेल पहुंचा उसके फौरन बाद ही सुनील सांगवान ने जेलर पद से त्याग पत्र दिया जिसे फौरन स्वीकार भी कर लिया गया। उसके अगले ही दिन उन्होंने सार्वजनिक मंच पर आकर भाजपा ज्वाइन की। और दो दिन बाद ही भाजपा की पहली सूची में ही चरखी दादरी से सुनील सांगवान का नाम भाजपा प्रत्याशी के रूप में सामने आ गया। गोया 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देने वाली भाजपा में गुरमीत राम रहीम जैसे रेप और हत्या के दोषी व सजा काट रहे अपराधी की इतनी पहुँच है कि वह अपनी पसंद के व्यक्ति को पार्टी टिकट भी दिला सकता है ? साथ ही ऐसे अपराधी का श्करम फरमाँश जेलर चुनाव मैदान में आकर महिला सुरक्षा के विषय में अपने क्या विचार रखेगा ? यह सब सवाल ओलम्पियन विनेश फोगाट आगामी चुनाव में केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि कांग्रेस की स्टार प्रचारक के रूप में भाजपा से देश भर में पूछने जा रही है।

भाजपा स्वयं को उन आरोपों से भी दूर नहीं रख सकती जो उसपर बिल्कीस बानो के सजायाफ्ता अपराधियों की रिहाई को लेकर लगे थे। क्योंकि गुजरात की भाजपा सरकार ने तो उन सामूहिक बलात्कारियों व हत्यारों को रिहा कर दिया था परन्तु सर्वोच्च न्यायलय ने गुजरात सरकार के इस फैसले को निरस्त हुये उन्हें पुनः जेल की सलाखों के पीछे धकेला। तब कहाँ चला गया था भाजपा का महिला सुरक्षा का दावा ? बेटी बचाओ योजना का उस समय ध्यान क्यों नहीं आया ? जब भाजपा सरकार के मंत्री विधायक व कार्यकर्ता कठुआ की 8 वर्षीय आसिफा के बलात्कार व उसकी हत्या के आरोपियों के पक्ष में जुलूस निकाल रहे थे। जब उनके पक्ष में तिरंगा यात्रा निकल कर तिरंगे को भी बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे उस समय कहाँ था था भाजपा का नारी न्याय और बेटी बचाओ का उद्घोष ? ऐसे और अनेक सवाल जो भाजपा में महिला बाल विकास मंत्री रही स्मृति ईरानी नहीं पूछ सकीं उस तरह के सवाल अब विपक्षी इंडिया गठबंधन की तरफ से विनेश फोगाट यानी एक ऐसी ओलम्पियन देश में घूम घूम कर पूछेगी जोकि स्वयं नारी शोषण शिकार रही है वह भी कथित रूप से भाजपा के दबंग सांसद के द्वारा ? इसलिये विनेश फोगट का कांग्रेस में आना केवल किसी ओलम्पियन का किसी पार्टी में शामिल होना मात्र नहीं है बल्कि विनेश फोगट के रूप में महिला सुरक्षा भी वर्तमान में हो रहे व भविष्य में होने वाले चुनावों में एक बड़ा मुद्दा होगा।

# रक्षामंत्री का दूरगामी सन्देश




—ललित गर्ग—

जम्मू—कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दर्शाने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ—साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू—कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू—कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है। रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा सन्देश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है।कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ोसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आन्दोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब—तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है। कहना कठिन है कि रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहता है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को सहयोग—समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी।

## बाइक से दोस्त को घर छोड़ने जा रहा था, पिकअप की चपेट में आ गया, दोनों की मौत





**संवाददाता–देवरिया।** अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसपर सवार युवक गंभीर रूप घायल हो गया। आसपास के लोगों दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शाहिद को भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के नवलपुर गांव निवासी अमन साहनी (22) पुत्र रामदुलारे साहनी बुधवार की सुबह घर से अपने दोस्त शाहिद को लाने के लिए सलेमपुर रेलवे स्टेशन गया था। रेलवे स्टेशन से दोस्त को रिसीव करने के बाद वापस गांव लौट रहा था। अभी वह सलेमपुर नवलपुर रोड स्थित औरंगाबाद मोड के समीप पहुंचा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार की पिकअप ने जोड़कर टक्कर मार दी। टक्कर इतना तेज थी कि बाइक अनियंत्रित होकर पिकअप के नीचे जा घुसी और बाइक पर सवार दोनों युवकों को घसीटते हुए तकरीबन 50 मीटर तक आगे बढ़ गई। आस पास के लोगों पिकअप चालक को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंप दिया। जबकि दोनों घायलों को आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने बाइक चालक की मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां शाहिद की भी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### वकीलों ने की डीएम से ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण लगवाने की मांग

**संवाददाता–बलरामपुर।** गत दिनों त्योहारों पर निकली धार्मिक यात्रा में डिस्क जॉकी डीजे के जानलेवा ध्वनि से आहत बार एसोसिएशन के सदस्यों ने समाधान दिवस पर जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार से मिलकर डीजे के तेज ध्वनि पर नियंत्रण लगवाने की मांग की है। वकीलों ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों व खासकर डिस्क जाकी डीजे के सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन के विपरीत त्रीव ध्वनि प्रसारण पर रोक लगाने की जरूरत है। इसको लेकर उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ता राजेश कुमार पाल ने बताया कि पीस कमेटी की बैठक में यह मुद्दा सर्वोपरि रहता है। लेकिन जुलूस के दौरान सारे नियम व कानून धूल धूसरित हो जाते हैं। पुलिस चाहकर भी मॉब को नहीं रोक पाती। जिसका खामियाजा बच्चे, वृद्ध व हृदयरोगियों सहित स्वस्थ व्यक्तियो झेलनी पड़ती है। इसी के साथ जुलूस समापन के निर्धारित समय सीमा का भी घोर उल्लंघन किया जा रहा है। अधिवक्ता अतिकुर्रहमान, अफरोज खान, फारुख खान, विजय कुमार व गुलाब आदि ने बताया कि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी है कि सभी कमेटी व पक्षों को बैठाकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों आदि के न्यूनतम वॉल्यूम का पालन कराएं। जिससे जनमानस को दिक्कतें न हों।

## नौ साल पहले सड़क जाम के मामले में पेश हुए विधायक, मिली जमानत



**संवाददाता–महराजगंज।** फरेंदा विधायक वीरेन्द्र चौधरी वर्ष 2015 में महराजगंज–फरेंदा मार्ग को जाम करने के मामले में बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा की अदालत में पेश हुए। अदालत ने 20–20 हजार की दो जमानत व मुचलका पर उन्हें जमानत दे दी। फरेंदा विधानसभा में 2015 में महदेवा–समरधीरा मार्ग को लेकर कांग्रेस नेता वीरेंद्र चौधरी ने ग्रामीणों के साथ महराजगंज–फरेंदा मार्ग को जाम किया था। इस मामले में प्रशासन ने कांग्रेस नेता समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले को लेकर बुधवार को कांग्रेसी विधायक वीरेंद्र चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा के समक्ष पेश हुए। घटना 12 मार्च 2015 की है। महदेवा–समरधीरा सड़क में ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए कांग्रेस नेता वीरेंद्र चौधरी ग्रामीणों के साथ राजमार्ग को जाम किया था। उस समय सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई थी। कांग्रेस नेता के विरोध प्रदर्शन करने पर प्रशासन ने 6 लोगों के खिलाफ 143, 147, 188 ,342 आईपीसी तथा 123 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। तब से मामला लंबित चल रहा था। इस मामले को लेकर न्यायालय फरेंदा ने विधायक सहित छह लोगों के खिलाफ सम्मन जारी किया था। बुधवार को विधायक वीरेंद्र चौधरी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हुए। 20–20 हजार की दो जमानत के आधार पर विधायक एवं इनके एक साथी को जमानत मिल गई। विधायक की तरफ से अधिवक्ता प्रेम कुमार सिंह ने पैरवी की।

## मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को लगी गोली, रुकने के लिए कहा तो कर दी थी फायरिंग

**संवाददाता–कुशीनगर।** मंगलवार देर रात करीब 11 बजे हाईवे स्थित लतवा बाजार के समीप तमकुहीराज, तरया सुजान, सेवरही व साइबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम वाहनो की जांच कर रहीं थी। इसी दौरान मैजिक लोडर वाहन आते दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रुकने का इशारा तो चालक ने गति बढ़ा दी।



पुलिस टीम ने पीछा करना शुरु किया तो तस्करो ने हाईवे छोड़ वाहन मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पकड़ भागने लगे। श्यामपट्टी पुल के समीप वाहन छोड़ तस्कर भागने लगे। पुलिस मौके पर पहुंच तस्करों का पीछा किया तो तस्कर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। इसके बाद पुलिस टीम ने दो तस्करों को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर वध के लिए बिहार लें जा रहे छः गोवंशो को मुक्त कराया।

इंस्पेक्टर तमकुहीराज अमित कुमार शर्मा ने बताया मंगलवार देर रात 11 बजे हाईवे स्थित लतवा बाजार के समीप इंस्पेक्टर तरया सुजान राजप्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर सेवरही श्रीप्रकाश राय व इंस्पेक्टर साइबर थाना मनोज कुमार पंत के साथ वाहनों की जांच की जा रहीं थी। इसी दौरान एक मैजिक वाहन आता दिखा।

पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो तस्कर वाहन लेकर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पकड़ चखनी की ओर भागने लगे। पुलिस की मजबूत घेराबंदी देख तस्कर श्यामपट्टी पुल के समीप वाहन छोड़ भागने लगे। पुलिस टीम ने जब भाग रहे पशु तस्करो का पीछा किया तो उन्होंने पुलिस टीम के ऊपर फायर झोका।

पुलिस ने मुठभेड़ में घायल कर दोनों तस्करों को हिरासत में लिया और छः गोवंशो को मुक्त कराया घायल पशु तस्करों की पहचान तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गांव सरया खुर्द निवासी लाल मोहम्मद अंसारी ऊर्फ लालू अंसारी पुत्र अब्दुल करीम अंसारी और इसी गांव के निवासी असगर अली पुत्र वकील मियां के रुप में हुई है।

लालमुहम्मद उर्फ लालू के खिलाफ देवरिया जिले के महुआडीह थाने में पशु तस्करी का एक मुकदमा दर्ज है। पशु तस्करों के पास से करीब दस हजार नगद, दो तमंचा,छः जिन्दा कारतूस, चार खोखा, मैजिक लोडर वाहन, मोबाइल, लोहे का बांका, रस्सी, बरामद किया गया है।

कुशीनगर पुलिस ने मंगलवार की रात संदिग्ध गाड़ी को रुकने का इशारा किया। गाड़ी चालकों ने फायरिंग करते हुए गाड़ी भगानी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस संग मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## लैब में फेल चाइनीज लहसुन को नष्ट करने के बाद मची लूट



**संवाददाता–महराजगंज।** जिस 14 सौ बोरी चाइनीज लहसुन को लैब की जांच में खाने योग्य न पाए जाने के बाद कस्टम ने गड्ढा खोदकर गड़वा दिया था, उसकी लूट मच गई। जमीन में दफन किए गए चाइनीज लहसुन को लोग खोद–खोदकर इकट्ठा करने लगे। जबकि उसी जगह पर कस्बे से निकलने वाला कूड़ा–कचरा भी बड़े पैमाने पर डंप है। लहसुन खाने में कितना नुकसान पहुंचाएगा? इससे बेखबर लोग बोरियों में उसे भरकर घर ले जाने के लिए टूट पड़े। इसका सोशल मीडिया पर वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

अलग–अलग जगहों से सुरक्षा एजेंसियों द्वारा बरामद चाइनीज लहसुन की कस्टम ने लैब में जांच कराई थी। जांच में नमूना फेल होने के बाद मंगलवार को कस्टम टीम ने 14 सौ बोरी लहसुन को गैस गोदाम के पास कूड़े–कचरों के ढेर के बीच जमीन में गड़वाकर नष्ट कर दिया। लेकिन भनक लगते ही लोगों में इसी लहसुन को लेकर लूट मच गई। इसका वीडियो वायरल हुआ तो कस्टम विभाग की कार्रवाई पर भी सवाल उठने लगे। लोगों का कहना है कि खोदकर लहसुन दबाने की जगह इस तरह नष्ट करना चाहिए था कि वह इकट्ठा करने लायक न रहता। गंदगी से निकला लहसुन स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल असर डालेगा, इसका संज्ञान प्रशासन को भी लेना चाहिए।

भारतीय बाजारों में लहसुन की पैदावार कम होने के बाद दामों में आए उछाल ने चाइनीज लहसुन की मांग बढ़ा दी है। चाइनीज लहसुन खाने में स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार गौतम कहते हैं कि चाइनीज लहसुन खाने में इस्तेमाल करने के बाद पेट से संबंधित कई बीमारियां हो सकती हैं। पेट में सूजन, गैस्ट्राइटिस या अन्य साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं। निश्चित तौर पर खाने में चाइनीज लहसुन का इस्तेमाल सेहत पर काफी बुरा असर डाल सकता है।

## मधईजोत में दो अन्य डायरिया से पीड़ित, भर्ती कराया



**संवाददाता–गोण्डा।** इटियाथोक के ब्लाक की ग्राम विशुनपुर संगम के मजरा मधईजोत में डायरिया के प्रकोप से हड़कंप मचा है। गांव के चंद्रशेखर तिवारी के परिवार के तीन मासूम बच्चे चंचल, गुल्लू और पल्लवी की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बुधवार सुबह चंद्रशेखर के बेटों शिवम तिवारी (17) व प्रिन्स तिवारी (21) को उल्टी दस्त की शिकायत हुई। इस पर परिवार के लोगों ने दोनों को सीएचसी में भर्ती करवाया। इटियाथोक सीएचसी के अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार पासवान ने बताया कि शिवम व प्रिन्स का इलाज चल रहा। दोनों की हालत पहले से बेहतर है। गांव में एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौत की सूचना जिसको मिली वह अवाक सा हो गया। इसी परिवार के अमन, सुनील तिवारी, दीपशिखा, आदर्श, मुस्कान और अनीता की तबीयत बिगड़ती देख परिवार वालों ने मंगलवार की सुबह सीएचसी इटियाथोक में इलाज के लिए भर्ती कर दिया। सबकी हालात में सुधार देख उन्हें घर भेज दिया गया। इसी बीच दो अन्य सदस्यों की हालत बिगड़ने पर हड़कंप मच गया। गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम ने परिवार की फिर की जांचरू सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार पासवान बुधवार को अपनी टीम के साथ मधईजोत पहुंचे। टीम ने पीड़ित परिवार के साथ आसपास के लोगों की सेहत जांची। साथ ही सभी लोगों को साफ सफाई के साथ शुद्ध खाने और गर्म पानी को ठंडा कर पीने की सलाह दी। डॉ. पासवान ने बताया गांव में संचालित आयुष्मान आरोग्य सेन्टर को 24 घंटे खुला है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ओआरएस, जिंक और क्लोरीन की किट का भी वितरण गांव में किया। डॉ. पासवान ने बताया कि जिले की महामारी विशेषज्ञ को सूचना दी गई है। जल्द ही गांव पहुंचकर जांच पड़ताल कर गांव की दूषित पानी की सैम्पलिंग भी करेगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम में मलेरिया इंस्पेक्टर डा. पुष्पेन्द्र मिश्रा, बीसीपीएम दिनेश कुमार, फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

## दो मासूमों की मौत पर पहुंचीं नानी गश खाकर गिरी

**संवाददाता–गोण्डा।** मधईजोत गांव में बुधवार सुबह अपनी बेटी वंदना के घर पहुंचीं मासूम चंचल और पल्लवी की नानी पुष्पा देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। बेटी वन्दना तिवारी की हालत देखकर वह गश खाकर गिर पड़ीं। वहां मौजूद परिवार के अन्य सदस्यों ने मां–बेटी को संभाला। नानी पुष्पा देवी लड़खड़ाते जुबान से बोलीं कि बेटी वन्दना ने हाल ही में प्यारी सी बेटी चंचल को जन्म दिया और 25 दिन के बाद उसकी और पल्लवी की मौत हो गई। इस सदमे से मां वन्दना तिवारी और अनीता देवी भी उबर नहीं पा रही है। इसी परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौत से पूरा परिवार टूट सा गया है। बीडीओ भी पहुंचे गांवरू खण्ड विकास अधिकारी सत्यप्रकाश पाण्डेय बुधवार को मधईजोत पहुंचे। गांव के लोगों के साथ पीड़ित परिवार से भी मिले। गांव में दूसरे दिन सभी घरों में एंटी लारवा का छिड़काव पंचायत विभाग की टीम ने किया। गांव में दूसरे दिन भी साफ सफाई की गई। पंचायत विभाग के दिलीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गांव के सभी मार्ग, घरों के सामने, कूड़े की ढेर में ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव हुआ।

सीएचओ की टीम ने डोर टू डोर किया सवेर्रू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी साक्षी पाण्डेय की टीम ने मधईजोत पहुंचकर गांव के करीब 160 घरों का सर्वे कर परिवार की महिलाओं और बच्चों से जानकारी ली। टीम में शामिल अन्य लोगो ने परिवार के लोगो को व्यक्तिगत साफ–सफाई, घरों में जमा पानी के निकास के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। टीम एएनएम मानसी गुप्ता, आशा संगिनी रमा शुक्ला, आगनबाड़ी मीरा देवी, आशा बहू शालू तिवारी शामिल रहीं।

## श्रद्धालुओं के लिए 2 अक्टूबर तक बंद रहेगा हनुमानगढ़ी का निकास द्वार



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। बुधवार दोपहर के आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए एक बार पुनः बंद कर दिया गया हनुमानगढ़ी का निकास द्वार, शारदीय नवरात्र के पहले 2 अक्टूबर तक श्रद्धालुओं का प्रवेश और निकास दोनों मुख्य द्वार से ही होगा उपरोक्त जानकारी पूर्व आखडा परिषद के अध्यक्ष महंत ज्ञान दास महाराज के शिष्य संकट मोचन से सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास बताया, उन्होंने बताया श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निकास द्वार हनुमानगढ़ी के पंचो के निर्णय से गद्दी नशीन महंत प्रेम दास महाराज के निर्देशन में चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसके पूर्व एक माह के लिए यह द्वारा बंद किया गया और आज दोबारा बंद किया गया है की कार्य जल्दी से पूरा हो और हनुमानगढ़ी पर आने वाले अच्छी सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि हनुमान जी महाराज की जयंती के पहले छत के दोनों फ्लोर का कार्य पूरा कर लिया जाएगा और गद्दी नशीन महराज अपने स्थान पर विराजमान हो जाएंगे और लगभग दोनों लिफ्ट भी चालू हो जाएंगे जो एक लिफ्ट श्रद्धालुओं के लिए होगा जिसमें एक साथ 10 लोग जा सकते हैं और एक लिफ्ट गद्दी नशीन महराज और वीआईपी के लिए होगा।

गद्दी नशीन महराज के हनुमत संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश दास महाराज ने बताया कि निकास द्वार के छत की ढलाई निकास द्वार के फाउन्डेशन का कार्य पूरा होगा जो दिन रात 24 घंटे चलेगा जिसमें लगभग 50 मजदूर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया निकास द्वार लगभग 27 फीट चौड़ा होगा और 51 फीट ऊंचा होगा जिसको राजस्थान के लाल पत्थर से बनाया जाएगा।उन्होंने बताया यह किला है इसलिए एक साथ सभी कार्य नहीं किया जा सकते निकास द्वारा के का कार्य पूरा होने के बाद गर्भगृह पर निर्णय लिया जाएगा और अभी गर्भगृह के पास की चौड़ाई लगभग 10 फिट है चौड़ीकरण के बाद 25 फिट हो जाएगी। उन्होंने बताया एक–एक कार्य श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंचों के निर्णय से किया जाएगा और सभी कार्य गद्दी नशीन महंत प्रेम दास महाराज के निर्देशन में संपन्न हो रहा है। इस दौरान पहलवान राजेश दास और सीओं अयोध्या थाना राम जन्मभूमि प्रभारी भी मौजूद रहे।

### नवीन कृषि प्रबंधन से ही आवश्यक खाद्यान्न पूर्ति संभव -विधायक

**संवाददाता–बहराइच।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को गड़रहवा में एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले से आए एसडीओ उदय शंकर सिंह ने खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान सहित फलोद्यान में आम, अमरूद, आंवला, कटहल, नींबू, बेर, बेल, पपीता, केला तथा साकभाजी एवं मसाले में भिंडी, मिर्च, बैगन, लौकी, तरोई, करेला, टिंडा, खीरा, कद्दू, फूलगोभी, हल्दी, अदरक, आदि फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।


एसडीओ सुधीर मिश्रा ने बताया कि कृषि उत्पादन एवं कृषकों की आय बढ़ाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। विभाग नवीनतम अनुसंधानों एवं तकनीक को किसानों तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। खरीफ की फसलों में धान प्रदेश की पहली व मक्का दूसरी प्रमुख फसल है। समय से बारिश हुई तो ये दोनों फसलें दुद्धी क्षेत्र में होती हैं। विधायक राम निवास वर्मा ने कहा कि खाद्यान्न आवश्यकता की प्रतिपूर्ति सीमित भूमि से केवल वैज्ञानिक कृषि एवं नवीन कृषि प्रबंधन प्रबंधन से ही संभव है। इसके लिए कृषि विभाग आपके साथ खड़ा है। वैज्ञानिक नंदन सिंह, आशीष कुमार, राम निवास ने क्षेत्र में पैदा होने वाले मोटे अनाज सांवा, कोदो, मक्का, मेझरी आदि की न्यूट्रीशनल वैल्यू पर प्रकाश डालते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में उपयोग करने व अपनी प्रमुख फसल अपनाने अपील की। किसान कैलाश वर्मा,जगत राम वर्मा, गुड्डू पाठक सहित कई ने अपने विचार व्यक्त किए।

## इस्कान के भक्तों ने रथयात्रा निकाली, किया संकीर्तन



**संवाददाता–गोण्डा।** इस्कान संस्था के भक्तों ने संकीर्तन पद यात्रा लेकर मनकापुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गए। जहां पर उनका जगह जगह भक्तों ने स्वागत किया। कस्बा के एक मैरिज हाल में राधा अष्टमी के मौके पर सुबह संकीर्तन पाठ, राधा अष्टमी कथा, पंचामृत व पुष्प अभिषेक ,महाआरती,छप्पन भोग का प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस्कान संस्था के यूपी पदयात्रा के संस्थापक आचार्य एसी भक्त वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद की प्रतिमा के साथ गौर निताई के साथ सुंदर रथ पर क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। इस दौरान इस्कान के लोगों को जागरूक करते हुए भगवान के प्रति आस्था रखने की सलाह देते रहे। जगह जगह कीर्तन करते हुए भाव भक्ति का संजीव चित्रण दिखाते रहे। इस मौके पर इस्कान के अमरपति दास, ऋपद्वीप गौर चन्द्र दास, केशव दया सागर दास, सौरभदास अनिलदास तथा इस्कान संस्था से जुडे तमाम भक्त मौजूद रहे।

## भेड़िए के हमले में 2 बालिकाएं फिर घायल



**संवाददाता–बहराइच।** महसी तहसील इलाके में भेड़ियों के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक तरफ वन विभाग भेड़ियों को पकड़ रहा है, तो दूसरी तरफ खूनी भेड़िए हमले कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इसलिए ग्रामीणों में दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। दो अलग– अलग गांवों में मंगलवार की रात भेड़िए ने दो बालिकाओं पर हमला कर घायल किया। जिसमें एक को तो कुछ दूर तक खींच ले गया। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हरदी थाने के ग्राम पंचायत मैकुपुरवा के मजरा गड़रियन पुरवा गांव निवासी 11 वर्षीय सुमन पुत्री लक्ष्मीनारायण मंगलवार रात करीब बारह बजे घर के अंदर अपनी मां लज्जावती के साथ सो रही थी। तभी भेड़िए ने हमला कर दिया। बच्ची के चिल्लाने पर मां ने शोर मचाया। लोगों के दौड़ाने व शोर मचाने पर भेड़िया सुमन को छोड़कर भाग गया।

वहीं दूसरी खैरीघाट थाने के भवानीपुर के महजिदिया गांव निवासी 12 वर्षीय शिवानी पुत्री किशोरी लाल छप्पर के नीचे चारपाई पर मां किरन के साथ लेटी थी। बुधवार को तड़के 4. 45 बजे भेड़िया ने हमला कर दिया। शिवानी को भेड़िया जबड़े में दबाकर करीब 15 मीटर दूर खींच ले गया। मां के चिल्लाने पर पड़ोसी रोहित आर्या सहित तमाम लोगों के दौड़ाने पर भेड़िया बच्ची को छोड़कर भाग गया। दोनों घायल बालिकाओं को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव व वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर घटना की जांच के बाद सर्च आपरेशन में जुटी हुई हैं।

## जन्मभूमि परिसर में शुरू हुआ मासिक सामूहिक सुंदरकांड पाठ



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में बुधवार 11 सितंबर को मातृ शक्तियों द्वारा सामूहिक "मासिक सुंदरकाण्ड पाठ" का सिलसिला प्रारंभ हुआ और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से लखनऊ की "ईश्वरीय स्वप्नाशी सेवा समिति" की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल को इसका दायित्व सौंपा गया है। इस प्रथम सोपान में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसमें अयोध्याजी की स्थानीय मातृशक्तियों ने ही नहीं बल्कि लखनऊ और नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र की उत्साहित महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता की। सपना गोयल के अनुसार जल्द ही अयोध्याजी में पांच हजार मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का वृहद आयोजन भी किया जाएगा। सपना गोयल के मुताबिक भारत वर्ष, देवों द्वारा निर्मित है और भरत की भूमि, ऋषि मुनियों की जन्मस्थली है। ऐसे में वह सतत प्रयास कर रही हैं कि भारत को उसका पुराना वैश्विक गौरव प्राप्त हो और भारत पुनरू विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। उनके अनुसार इसके लिए सबसे पहले जरूरी है कि संकल्पित होकर प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ और हर मंगलवार और शनिवार को निकट के मंदिर में जाकर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया जाए। सपना गोयल ने बताया कि प्रभु राम की जन्म स्थली अयोध्या के बारे में कहा जाता है कि अयोध्या वह पावन नगरी है जो अजेय है जिसे कोई पराजित नहीं कर सकता कभी भी ।वर्तमान में विश्व पटल पर प्रभु राम का यह संदेश पहुंचाने की आवश्यकता है। उनके अनुसार अगर हर देश अपनी मर्यादा का निर्वाह करेगा तो विश्व में युद्ध के बजाए शान्ति होगी और यही जगत कल्याण का सुलभ मार्ग भी है। उन्होंने कहा कि पावन रामकथा यह संदेश भी देती है कि अहंकार चाहें जितना भी बलवान क्यों न हो उसका पतन होकर रहता है जबकि अहंकार से मुक्त महाबली हनुमान का गुणगान तो आज समस्त विश्व के रामभक्त कर रहे हैं। आवश्यकता है कि हर भारतीय अपने पूज्य पूर्वजों के सत्य मार्ग का अनुसरण कर अपना और अपने राष्ट्र का उत्थान करे। सपना गोयल द्वारा बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते 10 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृ शक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है।

## देश के विकास में बाधा डाल रहे कांग्रेस व सहयोगी दल

**संवाददाता–बहराइच।।** रुपईडीहा नगर पंचायत की ओर से बुधवार को आयोजित बैठक में सांसद डॉ. आनंद गोंड ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। भारत का सम्मान बढ़ा है, कांग्रेस व उसके सहयोगी दल विकास में बाधा डाल रहे हैं।

भाजपा ने अनेकों ग्रामोन्मुखी योजनाएं चलाकर देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, बिजली व मुफ्त राशन देकर गरीबों को कोविड काल में बचाया है, उन्होंने मोबाइल नम्बर बताए। जिससे भाजपा की सदस्यता मिल सकती है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ रुपईडीहा मंडल के अध्यक्ष डॉ. सनत कुमार शर्मा ने कहा कि परिवार के छह सदस्यों के बिना आयुष्मान कार्ड नहीं बन सकता। जिस परिवार में 4, 5 सदस्य हैं, उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सकता। डॉ. शर्मा ने यह भी कहा कि डूडा के अधिकारी व कर्मचारी लाभार्थियों को लूट रहे हैं। पात्रों को मकान नहीं मिले अपात्रों को मकान मिल गए। इन पुरानी मानसिकता के कर्मचारियों को सचेत करना होगा। चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इसके पूर्व माला पहना कर सांसद का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

